## विधायक अजय चन्द्राकर के प्रयास से डेयरी उद्योग के लिए 2.94 करोड़ स्वीकृत

# अब दुग्ध व्यवसाय को मिलेगा बढ़ावा ग्रामीण अर्थव्यवस्था होगी मजबूत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



कुरुद क्षेत्र के लिए अच्छी खबर है। क्षेत्रीय विधायक अजय चन्द्राकर के प्रयास से छत्तीसगढ़ के अनुपूरक बजट 2024-25 के तहत डेयरी उद्योग को मजबूती देने के लिए सरकार ने 2 करोड़ 94 लाख रुपये की स्वीकृति दी है।

इस राशि का उपयोग कुरुद में नवीन दुग्ध शीतलीकरण केंद्र, मिल्क कूलर यूनिट, मिल्क टैंकर और अन्य जरूरी अधोसंरचना के विकास में किया जाएगा। इससे न सिर्फ दूध व्यवसाय को बढ़ावा मिलेगा बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नई मजबूती मिलेगी। इस कदम से न केवल स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा, बल्कि कुरुद विधानसभा आत्मनिर्भरता की ओर भी तेजी से बढ़ेगा।

गौरतलब है कि विधायक चन्द्राकर पहले से ही क्षेत्र में स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। उनके द्वारा शुरू की गई योजनाओं के चलते क्षेत्र के सैकड़ों लोग अब मछली पालन, मुर्गी पालन, बढाई, राजमिस्त्री, इलेक्ट्रॉनिक मरम्मत, प्लंबिंग, पेंटिंग और दुग्ध उत्पादन जैसे कार्यों से जुड़कर जीवाकापार्जन कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि विधायक की सक्रियता और दूरदर्शिता के कारण ही क्षेत्र में विकास की गति बनी हुई है। डेयरी उद्योग को मिली यह सौगात किसानों और पशुपालकों के लिए एक बड़ा सहारा साबित होगी।



# उपेंद्र कुमार साहू को उत्कृष्ट प्रधानपाठक का मिला सम्मान



■ डीईओ ने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण योजना अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला नवागांव के प्रधानपाठक उपेंद्र कुमार साहू को डीईओ टीआर जगदल्ले ने उत्कृष्ट प्रधानपाठक सम्मान से नवाजा। उन्हें यह सम्मान जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय धमतरी में दिया गया। ज्ञात हो कि यह सम्मान विशेष रचनात्मक एवं अकादमिक प्रयास के लिए दिया जाता है। प्रधानपाठक श्री साहू द्वारा शाला के बहुमुखी विकास हेतु हरसंभव प्रयास किया गया है। शाला में हरियाली लाने पेड़ पौधे रोपना, सुरक्षा हेतु सीसी कैमरा लगाना, डिजिटलीकरण में टीवी, आरो मशीन लगाए। प्रिंटर पालकों से लगातार संपर्क कर शाला में भौतिक संसाधन उपलब्ध कराए। वे ग्राम बुड़ेनी के निवासी हैं। उन्हें यह सम्मान शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया है। सम्मान प्राप्त करते समय उनकी पत्नी श्रीमती सरिता साहू शिक्षिका माध्यमिक शाला हसदा नं.1, श्रीमती प्रांजलि तिवारी सहायक शिक्षक नवागांव बु ,कोमल सिंह साहू राज्यपाल पुरस्कृत प्रधानपाठक, गणेश राम साहू शिक्षक माध्यमिक शाला नवागांव बु उपस्थित थे। उपेंद्र कुमार को सम्मान मिलने पर बीईओ एमके ध्रुव, विकास खंड स्त्रोत समन्वयक तामेश्वर ठाकुर, संकुल प्राचार्य राजेश पाटकर, मोहन ज्योति साहू, संकुल समन्वयक रूपेश कुमार सोनी एवं संकुल के सभी शिक्षकगण, शाला प्रबंधन समिति के पदाधिकारी, सरपंच व पंच तथा मित्रों ने हर्ष जताया है।

## अंचल की खबरें

### खर्रा में अखंड रामायण पाठ शुरू



**सिर्री।** ग्राम खर्रा में श्रीराम हिंदू परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन 12 अप्रैल तक किया गया है। 10 अप्रैल को नारी के पंडित दानेश्वर प्रसाद शर्मा के मंत्रोच्चारण के साथ ही हनुमंत श्रृंगार पश्चात संगठन के लोगों एवं ग्रामीणों द्वारा अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ किया गया। 11 अप्रैल शुक्रवार को गांव में शोभायात्रा निकाली जाएगी। मुख्य अतिथि अजय चंद्राकर कुरूद विधायक होंगे। अध्यक्षता केशरी ओमप्रकाश ध्रुव करेंगी। हनुमान जन्मोत्सव के दिन हवन पूजन के बाद भक्तों को महाप्रसादी वितरण किया जायेगा। रात्रि में मनोरंजन हेतु जय मारादेव मारिया पूरन जस झांकी परिवार, पचपेड़ी धमतरी की प्रस्तुति होगी।

### भाजपा का हुआ सक्रिय सदस्य सम्मेलन



**नगरी।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर कुकरेल मंडल के बनरौद रेस्ट हाऊस में सक्रिय सदस्य सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष शशि पवार, पूर्व मंडल अध्यक्ष नगरी मोहन नाहटा, जनपद अध्यक्ष नगरी महेश गोटा, पूर्व मंडल अध्यक्ष कुकरेल टेलेश्वर ठाकुर, कुकरेल मंडल अध्यक्ष संजय मरकाम, अजजा मोर्चा जिला अध्यक्ष महेंद्र नेताम, पूर्व जनपद अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम, जनपद सदस्य कुकरेल चंद्रकला साहू, मंडल महामंत्री अजय यादव, पूर्व विधायक पिंकी शाह, श्यामाचरण मंडावी, मीडिया प्रभारी सुरेंद्र ध्रुव, बूथ अध्यक्ष भूषणलाल मरकाम, वरूण देव नेताम, भोज राज सोनवानी, चम्मन लाल सोरी, अखिलेश प्रजापति उपस्थित थे।

# गर्मी में अब राहगीरों को पानी के लिए नहीं भटकना होगा

■ वार्ड क्रमांक 11 महावीर वार्ड में सार्वजनिक वाटर कूलर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



महावीर जयंती पर नगर के वार्ड क्र. 11 महावीर वार्ड में एसडीओपी कार्यालय के बगल में नगर पंचायत नगरी द्वारा सार्वजनिक वाटर कूलर की शुरूआत की गई। वाटर कूलर का उद्घाटन प्रतिष्ठित व्यापारी, जैनश्री संघ के वरिष्ठ सदस्य भोमराज जैन ने किया।

इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने कहा कि बढ़ती गर्मी को देखते हुए नगर के हृदय स्थल बजरंग चौक में यह वाटर कूलर लगाया गया है। वाटर कूलर भीषण गर्मी में शीतल पेयजल के रूप में आम जन को राहत देने का काम करेगा। गर्मी के मौसम में नगर के लोगों एवं राहगीरों को शुद्ध ठंडा पेयजल मिलेगा।

आसपास के मजदूर एवं सब्जी बेचने वाले एवं व्यवसायी इसका समुचित लाभ ले सकेंगे। नगर के अन्य वार्डों में भी वॉटर प्यूरीफायर सहित वाटर कूलर की स्थापना किए जाने की कार्य योजना बनाई जा रही है।

वहीं नगर के सफाई पेयजल, स्ट्रीट लाइट व्यवस्था की चर्चा करते हुए आम नागरिकों से नगर पंचायत का सहयोग करने की अपील की। मौके पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष विकास बोहरा, सभापति अश्वनी निषाद, अलका साव, शंकरदेव, विनीता कोठारी, पार्षद राजा पवार, देवचरण ध्रुव, मिकी गुप्ता, नरेश पटेल, चेलेश्वरी साहू, जयंती साहू, डगेश्वरी साहू, अंबिका ध्रुव, असकरण पटेल, हरीश साहू, जैन श्रीसंघ के अध्यक्ष उत्तम गोलछा, अनिल छाजेड़ समेत अन्य उपस्थित थे।

# स्काउट-गाइड ने बस स्टैंड व तहसील कार्यालय परिसर में खोला प्याऊघर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



भीषण गर्मी को देखते हुए भारत स्कउट्स व गाइड्स छत्तीसगढ़ के दिशा-निर्देश एवं जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला आयुक्त टीआर जगदल्ले के मार्गदर्शन में भारत स्काउट्स व गाइड्स स्थानीय संघ कुरूद द्वारा बुधवार को नया बस स्टैंड और तहसील कार्यालय परिसर में शीतल प्याऊ घर खोला गया।

स्थानीय संघ के अध्यक्ष मनीष साहू ने कहा कि लोगों की सेवा सर्वोपरि है। गर्मी के दिनों में लोगों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराना सेवा का कार्य है। स्काउट हमें सेवा करना सिखाता है।

एसडीएम नभसिंह कोसले ने स्काउट-गाइड द्वारा प्याऊ घर शुरू करने के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि भारत स्काउट एवं गाइड द्वारा जनहित के लिए ग्रीष्मकाल में राहगीरों के लिए प्याऊ घर खोलना एक पुनीत कार्य है। तहसीलदार दुर्गा साहू ने स्कउट्स गाइट्स के सेवा भाव की तारीफ करते हुए कहा कि स्काउट निःस्वार्थ भाव से सेवा प्रदान करते हैं।

मौके पर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी चंद्रकुमार साहू, स्वामी आत्मानंद स्कूल के प्राचार्य मनेश कुमार सिंह, स्थानीय संघ कुरूद के अध्यक्ष मनीष साहू, उपाध्यक्ष राजेश पांडेय, सचिव धर्मेन्द्र साहू, संस्थागत प्रतिनिधि श्रवण साहू, आजीवन सदस्य प्रतिनिधि धनंजय ठाकुर, श्यामशंकर चन्द्राकर, सुमन कोसले, टी नेताम, स्कउट्स-गाइड्स तेजेश, आकाश, खेमलाल, योगेन्द्र, मयंक,आरती, धनेश्वरी, पायल, महिमा, मानसी, जितेन्द्र आदि शामिल रहे।

### शिविर में ग्रामीणों ने रखी अपनी समस्याएं



**नगरी।** ग्राम पंचायत आमली में सुशासन तिहार मनाया गया। शिविर को लेकर लोगों में काफी उत्सुकता रही। इस अवसर पर सरपंच हिरौंदी बाई ध्रुव, उपसरपंच जीत भारद्वाज समेत वार्ड पंच उपस्थित थे। जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। शिविर में कई ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं रखी।

### विद्यार्थियों को इंटर्नशिप प्रमाण-पत्र वितरित



**नगरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलरगांव में शिक्षा सत्र 2024-2025 अंतर्गत व्यावसायिक शिक्षा हेल्थ केयर का पाठ्यक्रम संचालित हैं जहां कक्षा 11वीं और 12वीं के छात्र-छात्राओं का आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलरगांव में इंटर्नशिप कार्यक्रम मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर जेके नाग व श्री राजवाड़े एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से संपन्न किया गया। संस्था प्रमुख आरके देवांगन, एनसी सोम, एसके नेताम, उमेश कुमार नाग, श्रीमती डीएन कश्यप, केएल साहू, जेएस नेताम, एमएन साहू, श्रीमती बी साहू, वीके कोसरिया, टीआर साहू, भारती मालेकर, चेतन उंद्रे ने विद्यार्थियों को इंटर्नशिप प्रमाण-पत्र का वितरण किया।

# सिवनीकला में हुआ ज्योत जंवारा का विसर्जन





हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री

ग्राम सिवनीकला के शीतला मंदिर में ज्योत जंवारा स्थापित किया गया था। 41 मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित की गई थी। भक्तों ने माता के प्रति अपनी आस्था प्रकट करते हुए 9 दिनों तक शीतला मंदिर के पंडा कांशी तारक, लोमश साहू सहित ग्रामीणों ने माता की सेवा की। पश्चात ज्योत जंवारा का विसर्जन किया गया। प्रसादी बांटा गया। विसर्जन के दौरान सुरेश तारक ग्राम पटेला, दाऊ टिकेश्वर चंद्राकर, सुशील साहू, कांशी साहू ग्रामीण अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष तेजराम साहू, सरपंच लता ध्रुव, उपसरपंच दीपदान साहू, जनपद सदस्य टेकराम साहू, लकेश, सौरभ, त्रिलोचन, बिट्टू, संजय, कपिल, विरेंद्र, दिलीप, बीजू, पुरुषोत्तम, सुरेश, खिलावन, निर्मल, कुंजीलाल, फेंकू, राजकुमार, सुरेश, राधे, बोधन, बलदेव, तामेश्वर, गुहलेर, द्वारिका, गैंद, टीकम, जितेंद्र, मुरहा, भोजराम, तोषण, चंद्रकुमार, जयपाल, पीलीबाई, मंजु, ग्वालिन, सरोजनी, धनेश्वरी मौजूद रहे।

# सरपंच व वार्ड पंचों ने लिया कुपोषित बच्चों को गोद



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

महिला बाल विकास विभाग नगरी द्वारा 8 से 22 अप्रैल तक विशेष पोषण पखवाड़ा दिवस मनाया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत दुगली अंतर्गत आने वाला आंगनबाड़ी केंद्रों के कुपोषित बच्चों को सरपंच एवं वार्ड पंचों ने गोद लिया। सरपंच रामेश्वर मरकाम, उपसरपंच चंद्रभान नेताम, वार्ड पंच वरूण देव नेताम, हरीश परते, सुमित्रा बाई, अनिल कुमार नेताम, नरेंद्र कुमार ने यह जिम्मेदारी उठाई। मौके पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता विद्या बाई नेताम, भोज सोनवानी, शिवा नेताम मौजूद थे।

### आज भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बन गई है : भीमदेव



**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम पंचायत कोर्रा में भाजपा का स्थापना दिवस कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व जिला उपाध्यक्ष भीमदेव साहू के नेतृत्व में मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, अटल बिहारी वाजपेयी के छायाचित्र पर माल्यार्पण व पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर भीमदेव साहू ने कहा कि आज भाजपा अपना 46वां स्थापना दिवस मना रही है। श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, अटल बिहारी वाजपेयी के प्रयास और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। ग्राम पंचायत कोर्रा का सरपंच बनना इसका स्पष्ट उदाहरण है। फल बेचने वाली आज सरपंच की कुर्सी पर विराजमान है। पूर्व जनपद सदस्य रोशन साहू ने कहा कि हम सभी भाग्यशाली हैं कि दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक दल के सदस्य हैं। मौके पर यमुना कामड़े सरपंच, जगदीश्वर शर्मा विधायक प्रतिनिधि, मोहन सेन, कौशल साहू, बंशीलाल साहू, चंद्रहास कामड़े, मधुकर कामड़े, ईश्वर साहू, भगवानी साहू, जीवन साहू, कुमारी यादव, ख़ोमिन साहू, रोहिता साहू, पुष्पा साहू, माधुरी देवांगन, नीतू साहू साहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित थे।

■ कोर्रा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी का स्थापना दिवस मनाया

## देवकोट में भागवत कथा सुनने उमड़ रहे श्रद्धालु

# भक्ति ईश्वर प्राप्ति का सबसे सुगम मार्ग है : सूर्यभान

हरिभूमि न्यूज ⏭ आमदी(धमतरी)





भक्ति ईश्वर प्राप्ति का सबसे सरल और सुगम मार्ग है। ईश्वर प्राप्ति के समस्त साधनों में भक्ति का मार्ग अत्यंत सरल और सुगम है। उक्त विचार ग्राम देवकोट के भागवत कथा मंच से भगवताचार्य पं. सूर्यभान चौबे ने व्यक्त किए। उन्होंने आगे कहा कि भक्ति ईश्वर के प्रति परम प्रेम है। यह निष्कपट भावना है। भक्ति का आरंभ, मध्य और अंत भी प्रेम ही है। सचमुच ईश्वर के प्रति सच्ची प्रेमोन्मत्तता का होना इस मानव जीवन का सबसे बड़ा गौरव है और परम सौभाग्य भी, पर इस सौभाग्य की प्राप्ति विरले ही कर पाते हैं। व्यक्ति का मन यदि वासनाओं से भरा है, कामनाओं से भरा है तो वहां प्रेम जैसी दिव्य भावनाओं का होना कैसे संभव है।

ग्राम देवकोट में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 8 से 16 अप्रेल तक किया गया है। दूसरे दिन कथा का श्रवण करने दुर्ग, बिलासपुर, राजिम, नारधी सहित स्थानीय लोगों की उपस्थिति रही। व्यासपीठ पर पं. सूर्यभान चौबे पण्डरठट्ठा मुंगेली हैं। मंगलवार को महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। महाराज ने बताया कि ऐसा माना जाता है कि इस कलश यात्रा से ईश्वरीय कृपा प्राप्त होती है और कथा स्थल पर दिव्य ऊर्जा का संचार होता है। ज्ञात हो कि स्व. रामजी गजेन्द्र, स्व. सिरवन्तीन गजेन्द्र की स्मृति में परस सेवानिवृत्त शिक्षक, तेजेश्वरी, ज्ञानेश, ममता, ललित, मानसी, दीक्षा गजेन्द्र द्वारा यह आयोजन किया गया है। कथा दोपहर 1:30 बजे से शाम 6:30 बजे तक जारी है। कथा सुनने गयाराम, महेंद्र, प्रभु, भारतभूषण, पुरूषोत्तम, कृष्ण, प्रवीण, महेश, सरपंच पद्मा निषाद, पूर्व सरपंच रामाधार साहू, अनुसुइया साहू, मोतीराम निषाद, ओमप्रकाश साहू, रमाकांत साहू, भागीरथी सिन्हा राजिम, वेदराम, रामजी सिन्हा, प्रशान्त, विभा, सीमा समेत अन्य श्रद्धालु उपस्थित थे।

## निधन

### भगनबाई ध्रुव



**नगरी।** गांव हरदीभाठा निवासी भगन बाई ध्रुव 58 वर्ष का बुधवार को निधन हो गया। वह नारदराम ध्रुव प्रधानपाठक का धर्मपत्नी थीं। उनके अंतिम संस्कार में स्वजन एवं ग्रामीणजन शामिल हुए।

गुप्त रोगी स्वयं मिलें
संजीवनी
आयुर्वेदिक दवाखाना
धमतरी मो. 9174466336

## अंचल की खबरें

### शाला प्रबंधन समिति ने कराया न्योता भोज



**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम पंचायत दरगहन की प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला और आंगनबाड़ी केंद्र में शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों ने बच्चों को न्योता भोज के रूप में केला और अंगूर का वितरण किया। मौके पर समिति की सदस्य श्रीमती कुलेश्वरी निर्मलकर, इंदुलता, खिलेश्वरी यादव, चुनेश्वर यादव, पिंकी मानिकपुरी, योग्यता मानिकपुरी, रामेश्वरी ध्रुव, लोकेश्वरी ध्रुव, श्रीमती चंद्राकर, मोहन, धर्मराज साहू, शिव, प्रधानपाठिका मैडम, श्रीमती ईश्वरी पवार और सभी स्कूल की सहायिकाएं उपस्थित रहीं। यह जानकारी मीडिया प्रभारी चुनेश्वर यादव ने दी है।

### महावीर जयंती पर मठा एवं सकोरा का वितरण



**धमतरी।** महावीर जयंती पर गोल बाजार के पास भारतीय जैन संघटना के तत्वावधान में श्रीमती शशि गोलछा द्वारा मठा एवं श्रीमती चंचल लुकड़ द्वारा गन्ना रस का वितरण किया गया। मौके पर श्रीमती सूर्या लुंकड़, श्रीमती संगीता गोलछा, श्रीमती शिमला पारख, श्रीमती राजकुमारी पारख, श्रीमती अंजु लोढ़ा, श्रीमती संतोष पारख, श्रीमती किरण गोलछा, श्रीमती मनीषा लुंकड़ समेत अन्य सदस्यों की उपस्थिति रही।

### भागवत कथा सुनने पहुंची ब्राम्हण महिला मंच की सदस्य



**धमतरी।** तहसील ऑफिस के पीछे पुरानी पुलिस लाइन स्थित हनुमान गुड़ी मंदिर सेवा समिति एवं बनियापार वार्डवासियों के प्रयास से नक्सली हमले में शहीद जिले के 36 जवानों की श्रद्धांजलि में 9 दिवसीय भागवत कथा आयोजित की गई है। व्यासपीठ से पण्डित युवराज शिवकुमार वत्स कथा सुना रहे हैं। कथा सुनने पहुंची ब्राम्हण महिला मंच ने स्थल में लगे वीर जवानों के तैलचित्र पर पुष्प अर्पण किया। ब्राम्हण महिला मंच अध्यक्ष बरखा शर्मा ने कहा कि हनुमान गुड़ी सेवा समिति द्वारा जिले के शहीद जवानों की स्मृति में इस प्रकार का आयोजन करना सनातन धर्म के प्रचार और प्रसार के साथ सच्ची श्रद्धांजलि है। इस दौरान सीमा चौबे, साक्षी शर्मा, प्रतिमा पाण्डेय, प्रीति तिवारी, आयुषी पाण्डेय, विशाखा शर्मा, लक्ष्मी शर्मा, ज्योति शर्मा, दीपिका शर्मा, प्रेरणा पाण्डेय शामिल हुई।

### भोथीपार में सुशासन तिहार मनाया गया



**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम पंचायत कुर्रा के आश्रित ग्राम भोथीपार में सुशासन तिहार मनाया गया। अपनी समस्याओं एवं मांगों को रखने के लिए प्राथमिक शाला भवन में विशेष शिविर का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं जनप्रतिनिधिगण अपनी समस्याओं एवं मांगों को लेकर उपस्थित हुए। ग्राम विकास समिति से उचित राम साहू, भूषणलाल पटेल, देवेंद्र कुमार पटेल, चंदन लाल सिन्हा, श्रीमती खोमिन साहू, श्रीमती पूर्णिमा सिन्हा, दूजराम साहू, गोपेश्वर साहू, एकनाथ साहू, डोमन लाल पटेल, प्रेमू पटेल, ईश्वर साहू, श्रीमती प्रेमीन यादव, श्रीमती गायत्री साहू, भेमलाल साहू, श्रीमती कोमिन यादव के अलावा विभिन्न विभागों के कर्मचारी और अधिकारी लोकेश कुमार पांडे संकुल समन्वयक कुर्रा, राम बगस गंगबेर प्रधानपाठक, हिरेंद्र सोनबेर, टीकाराम सिन्हा प्रधान पाठक भोथीपार, शिविर प्रभारी सुरेन्द्र कुमार साहू उपस्थित थे।

### नवकार महिला मंडल ने शादी की सामग्री भेंट की

**धमतरी।** नवकार महिला मंडल ने सरिता यादव एवं रोशनी यादव को उनकी शादी एवं बारात की व्यवस्था हेतु खाद्य सामग्री भेंट की। लड़कियों के पिता नहीं है। मां घरों में जाकर काम करती हैं। यह जानकारी महिला मंडल को मिली तो उन्होंने उनकी मदद करने की ठानी। नवकार महिला मंडल द्वारा इसके पहले भी 15 बच्चियों को उनकी शादी हेतु जरूरत की सामग्री भेंट की जा चुकी है।इस अवसर पर महापौर रामू रोहरा ने अध्यक्ष संतोष मिनी के निवास पर आकर अपना आशीर्वाद प्रदान किया और लड़कियों को आगे पढ़ाई करने के लिए भी जागरूक किया। श्री रोहरा मंडल की इस निःस्वार्थ सेवा को देखकर आत्मविभोर हो गए। मंडल से कहा कि आपको ऐसे नेक कामों में जब भी किसी चीज की आवश्यकता हो तो वह जरूर बताएं ताकि वह भी उस नेक कार्य में सहयोगी बन सके। मौके पर मंडल अध्यक्ष संतोष, कुसुम गोलछा, इंदु जैन, सकल जैन समाज अध्यक्ष संतोष काकरिया, सचिव आकाश गोलछा, नंदलाल जसवानी, रमेश, आशीष, सरिता जैन, संजु जैन, दीपा जैन, अनु जैन, बिंदु ओस्तवाल, दुर्गा छाजेड़, अनीता लुंकड़, कंचन चोपड़ा, शिल्पा चोपड़ा, मोना बैद, विभा, मिनी, रोशनी समेत अन्य उपस्थित थे।

## क्षेत्रीय संतुलन को नजर अंदाज कर योग्य व अनुभवी लोगों को दिया मौका

**भाजपा आलाकमान मेहरबान**

# भखारा क्षेत्र से एक जिपं सदस्य व जपं के पांच सदस्यों को बनाया सभापति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद


पूजा सिन्हा


गीतेश्वरी साहू


सतीश जैन


सिंधु बैस


आनंद यदु


एवन साहू

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जीतकर आए भखारा क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य एवं जनपद सदस्यों पर भाजपा आलाकमान इस बार कुछ ज्यादा ही मेहरबान हो गए है। यहां क्षेत्र क्रमांक 01 से निर्वाचित जिला पंचायत सदस्य पूजा राजू सिन्हा को सभापति बनाकर महत्वपूर्ण विभाग की जिम्मेदारी दी है। वहीं जनपद पंचायत कुरुद में इसी क्षेत्र के 5 लोगों को अध्यक्ष-उपाध्यक्ष से लेकर सभापति का ताज देकर अन्य क्षेत्र के लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया है।

बीते दिनों जिला पंचायत धमतरी एवं जनपद पंचायत कुरुद में हुए सभापति के निर्वाचन में भखारा क्षेत्र से चुनकर आये निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को खास तवज्जो दी गई है। यहां क्षेत्र 01 की जिला पंचायत सदस्य पूजा सिन्हा को संचार एवं संकर्म समिति को सभापति नियुक्त किया गया है। जनपद पंचायत कुरुद के क्षेत्र क्रमांक 01 से निर्वाचित सदस्य गीतेश्वरी हेमंत साहू को अध्यक्ष पद देने के बाद सामान्य प्रशासन समिति का सभापति बनाया गया है। वहीं क्षेत्र क्र. 2 से निर्वाचित सतीश जैन को उपाध्यक्ष बनाकर उन्हें शिक्षा स्थायी समिति का सभापति बनाया गया है। वहीं क्षेत्र क्र. 18 से आनंद यदु को संचार एवं संकर्म समिति का सभापति, क्षेत्र क्र. 7 से एवन कुमार साहू को राजस्व एवं वन समिति का सभापति तथा क्षेत्र क्र.6 से सिंधु बैस को महिला बाल कल्याण समिति का सभापति नियुक्त किया गया है। बता दें कि उपरोक्त सभी कुरुद विधानसभा के भखारा मंडल ताल्लुक रखते हैं। जबकि कुरुद एवं सिर्री मंडल से भी पार्टी से लगभग बराबर जनप्रतिनिधि चुनकर आये हैं।

### आलाकमान के निर्णय को ही सर्वोपरि माना

गौरतलब है कि पूरे प्रदेशभर में हुए त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के बाद जिला एवं जनपद पंचायत में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चुनाव कराया गया। तत्पश्चात दोनों ही प्रमुख पंचायतों द्वारा अपने-अपने महत्वपूर्ण विभागों के लिए 6-6 स्थायी समिति के सभापति एवं सदस्यों का चुनाव एवं मनोनयन किया गया। वैसे तो सभापति का चयन अध्यक्ष-उपाध्यक्ष अपने अपने भरोसेमंद लोगो का नाम निर्देशन पत्र जमाकर चुनाव की स्थिति में चुनाव या निर्विरोध रूप से कर लेते हैं। जिसमें एक बात का खास ध्यान रखा जाता है कि जिन्हें वे जिस महत्वपूर्ण पद की जिम्मेदारी दे रहे हैं वे उस जिम्मेदारी के लिए अनुकूल व योग्य है या नहीं, साथ ही राजनीतिक दृष्टिकोण से क्षेत्रीय संतुलन को सबसे ज्यादा तवज्जो दी जाती है। लेकिन भितरखाने से मिली जानकारी के अनुसार इस बार ऐसा कुछ भी नहीं हुआ है। अध्यक्ष-उपाध्यक्ष से लेकर सभापति कौन व किस क्षेत्र से होगा सारा निर्णय इस बार भाजपा आलाकमान ने ही लिया है। जिसे सभी सदस्यों ने सर्वोपरि माना और किसी ने प्रश्नचिन्ह नहीं लगाया । ऐसे में सिर्फ भखारा क्षेत्र को ही इतनी ज्यादा तवज्जो क्यों दी जा रही है। राजनीतिक गलियारों में अनेक तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

## सेवानिवृत्त शिक्षक को सम्मान के साथ दी गई विदाई



■ श्री साहू की कार्यकुशलता व योगदान याद किये जायेंगे : दयालुराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

शासकीय हाईस्कूल के सेवानिवृत्त प्राध्यापक ओमप्रकाश साहू को शाला परिवार द्वारा जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू, प्राचार्य दयालुराम साहू, सरपंच प्रीति साहू, पूर्व सरपंच सविता गंजीर, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष दानी राम साहू, शिक्षाविद भानु राम साहू, पत्रकार यशवंत गंजीर एवं अन्य अतिथियों की उपस्थिति में ससम्मान विदाई दी गई।

बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं ने उनके सम्मान में स्वागत गीत एवं विदाई गीत प्रस्तुत किया। अतिथियों एवं शाला परिवार द्वारा शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर प्राचार्य डीआर साहू ने कहा कि सेवानिवृत्ति एक सरकारी प्रक्रिया है, जो सभी सरकारी कर्मी के साथ लागू होती है। परंतु ओपी साहू के साथ जितने दिन भी मैंने कार्य किया, उनकी कुशल कार्यक्षमता व उत्कृष्ट योगदान याद किये जायेंगे।

जनपद अध्यक्ष श्रीमती साहू ने कहा कि मैं जब भी श्री साहू से मिली, वे हमेशा मुस्कुराकर हम सबका अभिवादन करते रहे। जो हमें सिखाता है कि परिस्थिति चाहे जैसी भी हो हमें उसका हंसकर सामना करना चाहिए। यशवंत गंजीर ने कहा कि भले आप पदमुक्त हो गए हो पर सेवानिवृत्त नहीं हो सकते। जहां भी आप रहे अपने ज्ञान से समाज को प्रकाशवान करें। सरपंच श्रीमती साहू, शिक्षाविद भानु राम ने शिक्षक ओपी साहू की कमी स्कूल व गांव को हमेशा महसूस होते रहने की बात कही। इस अवसर पर हायर सेकेंडरी स्कूल सिलौटी की प्राचार्य श्रीमती पद्मा बघेल, सांसद प्रतिनिधि हेमलाल साहू, साहू समाज अध्यक्ष बीरबल साहू, ग्रामीण अध्यक्ष यीशु साहू, उपसरपंच गयाराम साहू, प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक सुदामा राम साहू, शिक्षकगण राजेश मिश्रा, टीआर साहू, सुश्री यादव, श्री मिथिलेश, श्रीमती सोनबेर के अलावा पंचगण व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# चोरी करते हुए दिखे तो फोटो भेजें, नाम रहेगा गोपनीय, मिलेगा उचित इनाम

■ केबल, वाल्व की लगातार हो रही चोरी से परेशान नगर निगम ने की नागरिकों से अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

नगर निगम के जल विभाग की छवि को कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा लगातार नुकसान पहुंचाया जा रहा है। कभी केबल चोरी की घटनाएं सामने आ रही हैं, तो कभी वाल्व और अन्य जरूरी सामान को चुरा लिया जा रहा है। इससे न केवल विभाग की छवि खराब हो रही है, बल्कि नागरिकों को भी पेयजल जैसी जरूरी सुविधा से वंचित होना पड़ रहा है। नगर निगम ने इस समस्या को देखते हुए आम जनता से सहयोग की अपील की है। जल विभाग के सभापति अखिलेश सोनकर ने नागरिकों से आग्रह किया है कि यदि किसी को भी चोरी करते हुए देखा जाए, तो तुरंत उसकी फोटो खींचकर व्हाट्सएप पर भेजें। इसकी जानकारी देने वाले नागरिक का नाम पूरी तरह गोपनीय रखा जाएगा। फोटो या वीडियो के माध्यम से साक्ष्य मिलने पर दोषियों के खिलाफ सख्त



कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए प्रशासन पूरी तरह तैयार है। निगम ने नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे सतर्क रहें और यदि किसी को चोरी या तोड़फोड़ करते देखें, तो बिना देरी किए मोबाइल से फोटो या वीडियो बनाएं और जल विभाग को भेजें। यह एक छोटा-सा कदम हमारे शहर को सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाए रखने में बहुत बड़ा योगदान दे सकता है। निगम के मंगलू निर्मलकर से भी सहयोग ले सकते हैं।

### पं. दीनदयाल, डॉ. मुखर्जी अटल को किया याद

**मगरलोड।** भाजपा मंडल मेघा द्वारा भाजपा कार्यालय मेघा में भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया। भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी, अटल बिहारी वाजपेई के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। भाजपा मंडल मेघा के पूर्व मंडल अध्यक्ष योगेश्वर साहू ने बताया कि जनसंघ के समय जनता पार्टी तथा बाद में 6 अप्रैल 1950 को भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई। पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, अटल बिहारी वाजपेई की पार्टी में एकता, संगठन और मजबूती प्रदान करने में अहम भूमिका रही है।

### ज्ञान ज्योति स्कूल में शिक्षकों का हुआ सम्मान

**नगरी।** शासकीय प्राथमिक ज्ञान ज्योति विद्यालय बरबंधा में शाला प्रबंधन व पालक समिति एवं जनसमुदाय द्वारा नवोदय एवं एकलव्य प्रतियोगी परीक्षा में चयन करने वाले शिक्षक कृष्ण कुमार कोटेंद्र , हरीश कुमार निर्मलकर सहित सभी शिक्षकों का सम्मान किया गया। इसी कड़ी में शिक्षक गोविंद राम निषाद को विदाई दी गई। मौके पर सरपंच रुक्मणि मरकाम, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष रमेश कुमार कोर्राम, उपाध्यक्ष लोकेश कुमार, शिक्षाविद भंवरसिंह कोर्राम, पूर्व सरपंच डामन सिंह कोर्राम, प्रधानपाठक खिलावनराम चतुर्वेदी, शिक्षक रूपसिंह नेताम, सफाई कर्मचारी रोशनलाल सोरी समेत अन्य उपस्थित थे।

### होगा समस्याओं का समाधान, पूरी होंगी मांगें

**धमतरी।** सुशासन तिहार को लेकर लोगों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय पर भरोसा जताया है। लोगों का कहना है कि इस सुशासन तिहार से समस्याओं का समाधान होगा, वहीं मांगें भी पूरी होंगी। साथ ही शासन-प्रशासन के समक्ष अपनी बातें रखने का मौका भी मिलेगा। जिले में सुशासन तिहार को पहले दिन से ही अच्छा प्रतिसाद मिलने लगा है। जिले के सभी सरकारी कार्यालयों, ग्राम पंचायतों, नगर पंचायतों, जनपद पंचायतों और नगर निमगों में रखे समाधान पेटी में लोग आकर अपनी मांग, समस्या और शिकायत संबंधी आवेदन डालते नजर आये। जिले में पहले ही दिन दो हजार नौ सौ आवेदन समाधान पेटियों में डाले गए। कलेक्टोरेट में लगी समाधान पेटी में लाल बगीचा वार्ड से आये झाड़ूराम मंडावी ने पैतृक जमीन के विवाद संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया है। श्री मंडावी बताते हैं कि इससे पहले भी वे इस प्रकरण को लेकर लगभग विभिन्न विभागों में आवेदन किए हैं। अब वे कलेक्टोरेट में लगे समाधान पेटी में आवेदन डाले हैं। मुझे विश्वास है कि मेरी समस्या का समाधान जरूर निकल आयेगा।

# हाईवा वाहनों के रूट परिवर्तन से शहरवासियों को मिली राहत

■ नो एंट्री का समय खत्म होने से पहले यातायात पुलिस हो जाती है तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

रेत-गिट्टी लेकर शहर से गुजरने वाले सैकड़ों हाइवा वाहनों के रूट परिवर्तन से शहरवासियों ने राहत की सांस ली है। नये रूट में हाइवा संचालन के लिए यातायात पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन की खूब तारीफ हो रही है।

उल्लेखनीय है कि गौण खनिज को लेकर चलने वाले हाइवा वाहनों पर नो एंट्री सालों पहले से लगी हुई है जिसमें रात 10 से सुबह 8 बजे तक हाइवा के लिए नो एंट्री खुलती थी। सोरिद निवासी किशोर रजक, अमित देवांगन कहते हैं कि नो एंट्री खुलने से पहले श्यामतरई रोड में दर्जनों हाइवा कतारबद्ध खड़े रहते थे। 10 बजते ही हाइवा वाहनों का रेला शुरु हो जाता था। दर्जनों वाहनों के एकसाथ चलने से शहर की यातायात व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित होती थी।

लोग हाइवा की रफ्तार से सहम जाते थे, लेकिन अब यह समस्या दूर हो गई है। रत्नाबांधा निवासी अंजोरसिंह यादव देवनारायण ध्रुव ने बताया कि शाम 6 बजे से दुर्ग बालोद से आने वाले हाइवा की कतार मुजगहन तक लगती थी। 10 बजते ही ये वाहन रत्नाबांधा चौक, मकई चौक, सिहावा चौक होते हुए नदी की ओर जाते थे। रात 10 बजे के बाद हाइवा वाहनों के कारण शहर में चलना लोगों के लिए रिस्क हो गया था। अब शांति बनी हुई है। नये रूट से शहर में दौड़ने वाले हाइवा अब नजर नहीं आते, जिससे नगरवासियों को बड़ी राहत मिली है।

#### पुलिस प्रशासन की चाक चौबंद व्यवस्था

रात के दस बजने से पहले यातायात पुलिस की टीम अपने-अपने चौक में तैनात हो जाती है। श्यामतराई स्थित बाईपास चौक, अर्जुनी चौक, रत्नाबांधा चौक में पुलिस अधिकारी दलबल के साथ तैनात हो जाते हैं। दुर्ग, बालोद, रायपुर से आने वाले सभी हाइवा वाहन बाईपास होते हुए अर्जुनी चौक पहुंचते हैं। अर्जुनी चौक में कतारबद्ध खड़े हाइवा दस बजते ही शहर प्रवेश करते हैं और सिहावा चौक होते हुए नदी की ओर जाते है। इससे रत्नाबांधा रोड श्यामतराई रोड, रूद्री मार्ग, अंबेडकर चौक से सिहावा चौक तक हाइवा का गुजरना बंद हो गया। नये रूट से हाइवा के संचालन से शहरवासियों को बड़ी राहत मिली है। नगरवासी पुलिस प्रशासन की इस पहल की प्रशंसा खूब कर रहे हैं।

#### जब एक हाइवा को 10 किमी का चक्कर लगाना पड़ा

बुधवार को सिहावा चौक में 9.30 बजे यातायात पुलिस की टीम तैनात थी। एसआई चंद्रशेखर देवांगन, भुनेश वर्मा सहित अन्य पुलिस बल थे। 10 बजते ही रायपुर की ओर से हाइवा वाहनों की कतार दौड़ने लगी तभी एक हाइवा मकई चौक की ओर से आ धमका। यातायात पुलिस ने हाइवा को सिहावा चौक में रोका और ड्राइवर को नियम बताते हुए वापस बाइपास रोड से अर्जुनी होते हुए आने की समझाइश दी। इस दौरान वाहन ड्राइवर मिन्नतें करते हुए दिखा।

## स्वामी विवेकानंद वार्ड एक स्वच्छ और आदर्श वार्ड बनने की दिशा में अग्रसर

■ पार्षद विभा सुबह होते ही वार्ड में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने निकलती हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



स्वामी विवेकानंद वार्ड की पार्षद एवं शिक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग की प्रभारी सदस्य विभा चंद्राकर सुबह होते ही अपने वार्ड में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने निकल पड़ती हैं। उनकी मेहनत और समर्पण का नतीजा यह है कि वार्ड की नालियों की सफाई अच्छे से हो रही है और गंदगी पर पूरी तरह नियंत्रण रखा जा रहा है। विभा चंद्राकर वार्ड में स्वच्छता बनाए रखने के लिए विशेष प्रयास कर रही हैं। सुबह होते ही वे सफाई कर्मचारियों के साथ निरीक्षण पर निकलती हैं और यह सुनिश्चित करती हैं कि नालियों की सफाई सही ढंग से की जाए। उनका मानना है कि गंदगी और कचरा कई बीमारियों को जन्म देते हैं, इसलिए साफ-सफाई सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। स्वच्छता अभियान को सफल बनाने में सफाई कर्मचारियों की भूमिका अहम होती है और विभा चंद्राकर इसे भली-भांति समझती हैं। वे नियमित रूप से सफाईकर्मियों के साथ बैठक करती हैं, उनकी समस्याओं को सुनती हैं और समाधान के लिए नगर निगम से समन्वय स्थापित करती हैं। उनके मार्गदर्शन में सफाईकर्मी पूरी लगन से काम कर रहे हैं, जिससे वार्ड की सफाई व्यवस्था पहले से अधिक सुदृढ़ हो गई है। वार्डवासियों का कहना है कि विभा चंद्राकर के प्रयास से क्षेत्र में सफाई को लेकर जागरूकता बढ़ी है। लोग अब खुद भी सफाई का ध्यान रखने लगे हैं और गंदगी फैलाने से बच रहे हैं। उनके नेतृत्व में स्वामी विवेकानंद वार्ड एक स्वच्छ और आदर्श वार्ड बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। विभा चंद्राकर का लक्ष्य सिर्फ सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि वे अपने वार्ड को एक आदर्श वार्ड बनाना चाहती हैं। वे महिलाओं और बच्चों के कल्याण के लिए भी कई योजनाएं ला रही हैं, जिससे वार्ड का सर्वांगीण विकास हो सके।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### डायरिया नियंत्रण में जुटी स्वास्थ्य विभाग की क्विक रिस्पांस टीम

चले गये। बताया गया कि नाले के बगल से गुजरी पाइपलाइन में लीकेज होने के कारण डायरिया का संक्रमण हुआ है। सभी वार्डवासियों के लिये निगम के टैंकर का पानी उपलब्ध कराया गया जिसका उपयोग करने की सलाह दी गई है। वार्डों में डायरिया संक्रमण की स्थिति सामान्य हो गई है।

### स्टेशनपारा में गरजा रेलवे का बुलडोजर

की समुचित व्यवस्था कराने निगम आयुक्त प्रिया गोयल से चर्चा हुई है। बिजली, लाइट की तत्काल व्यवस्था कर दी गई है। कुछ दिनों में अस्थाई शौचालय की व्यवस्था की जाएगी। जब तक अधूरे आवास पूर्ण नहीं हो जाते तब तक रेलवे प्रभावित अस्थाई रूप से यहां रहेंगे। आवास पूर्ण होने के बाद एलाटमेंट किया जाएगा।

## भगवान परशुराम का प्राकट्य उत्सव हर्षोल्लास से मनेगा

■ धमतरी तहसील ब्राम्हण समाज की बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई गई

**धमतरी।** विगत दिनों तहसील ब्राम्हण समाज इकाई धमतरी की बैठक दंतेश्वरी मंदिर में हुई। तहसील ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष सूर्यकांत तिवारी की अध्यक्षता में 30 अप्रैल को भगवान परशुराम के प्रकटोत्सव को भव्य एवं हर्षोल्लास के साथ मनाने चर्चा की गई। बैठक में कार्यक्रम की रुपरेखा तैयार की गई। समाज के जो व्यक्ति छूट गये अथवा जो सदस्य नहीं बने हैं तथा जिनकी आयु 18 वर्ष से अधिक है उनको भी जोड़ा जायेगा। समाज हित में अन्य विषयों पर चर्चा कर सर्वसम्मति से से प्रस्ताव पारित किया। मौके पर समाज के जिलाध्यक्ष राकेश दीवान, महासचिव विनोद कुमार पाण्डे, कोषाध्यक्ष लोकेश कुमार पाण्डेय, तहसील संरक्षक संतोष तिवारी, मार्गदर्शक मंडल विद्याशंकर दीवान, तहसील अध्यक्ष सूर्यकांत तिवारी समेत कार्यकारिणी सदस्य प्रदीप पांडेय,श्रीमती पूजा मिश्रा, अमन पाण्डेय, तहसील महासचिव राकेश तिवारी, सरिता दीवान, निशांत दुबे, हिमाचल पाण्डेय, आशुतोष शर्मा, हरीश चौबे, भूषण तिवारी, हरीश शर्मा, दीपक दुबे, सत्येन्द्र शर्मा, नलिनी मिश्रा, मंजुलता शर्मा, श्रीमती संजु मिश्रा, आलोक तिवारी एवं दंतेश्वरी मंदिर के पुजारी रघुवीर प्रसाद पाण्डेय, विजय पाण्डेय उपस्थित थे। यह मीडिया प्रभारी राजकुमार तिवारी ने दी है।

## श्रमिकों के पंजीयन के लिए शिविर आज से 16 अप्रैल तक

**धमतरी।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत प्लेटफॉर्म श्रमिकों का ई श्रम पोर्टल में पंजीयन किया जाना है। इसके लिए श्रम पदाधिकारी ने श्रम निरीक्षक श्रीमती निम्मी पटेल को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि धमतरी जिले में संचालित प्लेटफॉर्म बेस्ड गिग वर्कर्स और उनके संगठनों से समन्वय और उनकी बैठक लेकर उनका पंजीयन किया जाएगा। इसके लिए आज से 16 अप्रैल तक शिविर लगाया जा रहा है। शिविर में संबंधित अधिकारी, कर्मचारियों की भी ड्यूटी लगाई गई है। बुधवार को अमेजन कोरियर ऑफिस नवकार हॉस्टल में शिविर लगाया गया है। 11 अप्रैल को आमातालाब रोड, इंडोर स्टेडियम के पास स्थित फ्लिपकार्ट कोरियर ऑफिस, 15 अप्रैल को विंध्यवासिनी वार्ड, कारगिल चौक के पास डेलहीवरी कोरियर ऑफिस और 16 अप्रैल को हाउसिंग कोर्ड कॉलोनी, हटकेशर वार्ड स्थित मीशो ऑफिस में शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्लेटफॉर्म श्रमिक जैसे जोमेटो, उबेर, ओला, रैपिडो, स्विगी, ब्लिकीट, इंस्टामार्ट, फ्लिपकार्ट, अमेजन, प्लेटफॉर्म बेस्ड डिलीवरी पर्सन आदि का ई-श्रम पोर्टल में पंजीयन किया जाएगा।



## खबर संक्षेप

### राधाकृष्ण भवन में आज भजनों की प्रस्तुति

**धमतरी।** महारुद्राभिषेक एवं श्री हनुमंत आराधना महोत्सव के द्वितीय दिवस 11 अप्रैल को रात्रि 8 बजे से राधाकृष्ण भवन में श्याम भजन संध्या का आयोजन किया गया है। सुबह 9 बजे मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का अभिषेक व पूजा- अर्चना होगी। पंडित राजेश शर्मा ने धर्मप्रेमियों से इस पुण्य लाभ लेने का आग्रह करते हुए बताया कि भारत की दिव्यता एवं सुंदरता हिंदू राष्ट्र में ही समाहित है जिसके लिए यह आयोजन धमतरी क्षेत्रवासियों को समर्पित है।

### पचपेड़ी में मनेगा हनुमान जन्मोत्सव

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम पचपेड़ी में गंगाराम साहू अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज पचपेड़ी एवं गायत्री साहू पूर्व सरपंच पचपेड़ी द्वारा हनुमान मंदिर बावा कुटी में हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा। सुबह 9 बजे पूजा अनुष्ठान एवं हनुमान चालीसा पाठ के बाद शाम 5 बजे मानस भवन के पास महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा। रात्रि में जय सहोदर राऊत बाबा नरसिंग नाथ जस झांकी एवं फाग परिवार ग्राम अण्डा जिला दुर्ग की प्रस्तुति होगी। आयोजन की तैयारी में लोकेश, पद्मणी साहू, चुरेन्द्र, दीपिका साहू, तीरथ साहू, भामा साहू, गुलशीता, चन्द्रप्रकाश, भूमिश, विद्यांश, अंजु जुटे हुए हैं।

### दुगली में अंबेडकर जयंती 14 को



**धमतरी।** ग्राम दुगली में गोंडवाना समाज सेवा समिति उपक्षेत्र द्वारा 14 अप्रैल को दोपहर 1 बजे बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती मनाई जायेगी। इस दौरान परिसीमन सहित संवैधानिक, संस्कृतिक, वनाधिकार कानून, पारंपरिक आयुर्वेद एवं सामाजिक विषयों पर चर्चा होगी। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि अर्जुन मुंडा पूर्व मुख्यमंत्री झारखंड होंगे। अध्यक्षता नीलकंठ टेकाम प्रदेशाध्यक्ष गोंडवाना गोंड़ महासभा करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि शिशुपाल सोरी राष्ट्रीय अध्यक्ष गोंडवाना गोंड महासभा होंगे। अन्य अतिथि खामसिंह मांझी, जीआर राणा, अरूण सार्वा, लोकेंद्र सिंह, दिवाकर पेदाम, हिरासन उइके, कांति नाग, सिडाम आरजु, कमलेश ध्रुव, महेश गोटा, शिवचरण नेताम, उमेश देव, ललित ठाकुर, टिकेश्वर ध्रुव, सुरेंद्र ध्रुव, रामेश्वर मरकाम, बंशीलाल सोरी, मायाराम नागवंशी होंगे।

### भाजपाइयों ने मंगल पांडे को किया याद

**कुरुद।** नपं कुरूद में भाजपाइयों ने अमर शहीद मंगल पांडे की पुण्यतिथि पर उसकी आदमकद प्रतिमां मे माल्यार्पण कर उन्हें याद किया एवं अमर शहीद के नारे लगाये। इस अवसर पर नपं के विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर, भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत साहू, नगर संयोजक भोजराज चन्द्राकर, प्रभात बैस, पार्षदगण महेन्द्र गायकवाड़, रवि मानिकपुरी, राजकुमारी ध्रुव, पूर्व पार्षदगण सुनील चन्द्राकर, महेश सिन्हा, रामेश्वर ध्रुव, किशोर यादव, कमल शर्मा, चुनमुन चन्द्राकर, सुरेखा चन्द्राकर, खिलेन्द्र देवांगन, धनेश बैस, नरेन्द्र सोनी, भूपेन्द्र छोटू, खेमराज सिन्हा, पंकज केला उपस्थित थे।

**महावीर जयंती :** सुबह प्रभातफेरी, दोपहर में निकली शोभायात्रा, नागरिकों ने किया स्वागत

# शोभायात्रा निकालकर दिया जियो और जीने दो का संदेश







### माता के गर्भ में महावीर के आते ही राज्य का चहुंमुखी विकास होने लगा था

मनीष सागर महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि जैनधर्म के 24वें तीर्थकर भगवान महावीर का जन्म क्षत्रिय कुंड में हुआ था। माता के गर्भ में आने के बाद से ही उनके राज्य में चहुंमुखी वृद्धि होने लगी। जन्म के समय भगवान का नाम वर्धमान था। वे तीन ज्ञान के धारी थे। वे जन्म से ही अद्भुत ज्ञानी थे। 30 वर्ष की उम्र में दीक्षा अंगीकार की। 12 वर्ष की तपस्या में ज्ञान प्राप्त किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जैन समाज द्वारा भगवान महावीर स्वामी के 2624 वें जन्म कल्याणक महोत्सव पर गुरुवार को विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुबह 6 बजे शहर में प्रभातफेरी का आयोजन किया गया, जो पार्श्वनाथ जिनालय से निकलकर जैन स्थानक भवन सिहावा चौक पहुंची। समाजजनों ने हाथों में झंडा लेकर भगवान महावीर स्वामी के जयकारे लगाए। महिलाएं भजन कीर्तन करते चल रही थीं। 10 बजे समाजजनों ने शोभायात्रा बरघोड़ा यात्रा निकाली जो पार्श्वनाथ जिनालय इतवारी बाजार से निकलकर कचहरी चौक, सदरबाजार, चमेली चौक, गोलबाजार होते हुए आमापारा स्थित आदिश्वर जिनालय पहुंची। शोभायात्रा में जियो और जीने दो का संदेश दिया। रास्ते में शहर के गणमान्य नागरिकों ने शोभायात्रा की फूलों की वर्षा कर स्वागत किया एवं जैनमुनियों का क्षेत्र की खुशहाली के लिए आशीर्वाद लिया।

इससे पूर्व सुबह 7 बजे श्री पार्श्वनाथ जिनालय इतवारी बाजार में गुरू भगवतों द्वारा भगवान महावीर घट कल्याणक पूजा की गई। पूजा अर्चना आरती पश्चात श्री दिगम्बर जैन मंदिर से श्री पार्श्वनाथ जिनालय इतवारी बाजार तक पालकी यात्रा निकाली गई। धनकेशरी मंगलभवन में स्वामी वात्सल्य महावीर प्रसादी का वितरण हुआ। पुराना स्थानक भवन में महावीर स्वामी के जीवन से संबंध प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम हुआ। सकल जैन संघ द्वारा विभिन्न स्थानों में फल का वितरण किया गया। शाम 7.30 बजे श्री दिगम्बर जैन मंदिर में 108 दीपक की महाआरती हुई। रात्रि 8 बजे धनकेशरी मंगल भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रभु भक्ति, सम्मान समारोह, पुरस्कार वितरण हुआ। शोभायात्रा का शहर के गणमान्य नागरिकों ने भव्य स्वागत किया जिनमें प्रमुख रूप से विधायक ओंकार साहू, पूर्व विधायक रंजना साहू, महापौर रामू रोहरा, आनंद पवार, दीपक लखोटिया, हरमिंदर छाबड़ा, नील पटेल, कीर्ति शाह, नंदलाल जसवानी, चंद्रकला पटेल, ईश्वरी पटवा आदि थे। शोभायात्रा के दौरान समाज के भंवरलाल छाजेड़, विजय गोलछा, रमण लोढ़ा, संजय लोढ़ा, सुनील जैन, दीपक जैन, स्वरूप कोटड़िया, दिलीप बड़जात्या, संतोष कांकरिया, आकाश गोलछा, श्याम डागा, शिशिर सेठिया, प्रकाश गोलछा, कुशल चोपड़ा, ऋषभ गांधी, निक्कू कोटड़िया, खुशराज बाफना, रोहित छाजेड़, नितिन बरड़िया, सुमीत जैन, राहुल भंसाली, विक्की बोहरा, राहुल बोहरा, लक्की संकलेचा, ललित सहित हजारों समाजजन उपस्थित रहे।

## पार्षद ने पशुओं के लिए कोटना वितरित किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

गर्मी में इंसानों के साथ-साथ बेजुबान जानवरों को भी राहत की जरूरत होती है। पार्षद अखिलेश सोनकर ने विंध्यवासिनी वार्ड में अपने निजी खर्च से जानवरों के लिए कोटना (पानी रखने के बड़े बर्तन) वितरित किए। यह वितरण स्थानीय निवासियों की उपस्थिति में किया गया। वार्डवासियों ने कहा कि गर्मी में अक्सर पशुओं को पानी की कमी का सामना करना पड़ता है और यह कोटना अब उनके लिए जीवनदायिनी सिद्ध होंगी। पार्षद अखिलेश सोनकर ने बताया कि गर्मी में इंसानों के साथ पशुओं का ख्याल रखना भी हमारी ज़िम्मेदारी है। यह छोटी सी कोशिश उन बेजुबानों के लिए है जो अपनी तकलीफ कह नहीं सकते। इस कार्य से न केवल बेजुबान पशुओं को राहत मिलेगी, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी की मिसाल भी कायम होगी।

## युवा नौकरी के पीछे जाने की बजाय खुद का उद्यम शुरू करें



भटगांव आईटीआई में उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

भटगांव आईटीआई में संस्था द्वारा उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रशांत चंद्राकर मैनेजर जिला उद्योग केंद्र थे। उन्होंने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि उद्यमिता के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं।

युवा पारंपरिक नौकरी के पीछे भागने की बजाय खुद का उद्यम शुरू कर आत्मनिर्भर बन सकते हैं। वे अन्य लोगों को भी रोजगार दे सकते हैं। विशेष अतिथि इंदर कुमार खिलवानी ने कहा कि बैंक स्टार्टअप और सूक्ष्म उद्यमियों को सहयोग देने के लिए तत्पर हैं। जरूरत है ठोस योजना और प्रतिबद्धता की।

कार्यक्रम समन्वयक राहुल तिवारी ने बताया कि यह कार्यक्रम जिले में युवाओं को स्वरोजगार और डिजिटल उद्यमिता की दिशा में प्रशिक्षित करने की दिशा में पहला कदम है। कार्यक्रम में पहले दिन विषय विशेषज्ञों ने प्रेरणादायक सत्रों के माध्यम से प्रतिभागियों को उद्यमिता की बुनियादी अवधारणाओं से परिचित कराया और सफल उद्यमियों की कहानियां साझा की।

### उमरगांव में हनुमंत लला प्रकटोत्सव आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

ग्राम उमरगांव में श्री हनुमंत लला प्रकटोत्सव एवं पीपलेश्वर हनुमंतलाल मंदिर के निर्माण का प्रथम वार्षिक समारोह 11 से 12 अप्रैल तक मनाया जायेगा। संकीर्तन, भजन के साथ शोभायात्रा निकलेगी। आयोजन की शुरुआत भव्य शोभायात्रा एवं हनुमंत लला की झांकी के साथ होगी। 12 अप्रैल को प्रातः 8 बजे से श्री पीपलेश्वर हनुमंत लला की स्थापना की जायेगी। 12 बजे से महाभंडारा होगा। शाम 4 बजे से देर राति तक मानसगान का आयोजन होगा जिसमें विभिन्न महिला मंडलियों की प्रस्तुति होगी।



## नो पार्किंग में खड़े 44 वाहनों का कटा चालान



- यातायात पुलिस ने की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

यातायात पुलिस ने शहर व मुख्य मार्गों में अभियान चलाकर नो पार्किंग में खड़े 44 वाहनों पर कार्रवाई की है। शहर में यातायात व्यवस्था बनाने व सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एसपी आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशन एवं यातायात डीएसपी मोनिका मरावी के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस द्वारा नियमित रूप से कार्ययोजना तैयार कर ट्रेफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में यातायात पुलिस द्वारा नो पार्किंग में खड़े वाहनों के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत सिहावा चौक से शांति कालोनी चौक तक, घड़ी चौक से कचहरी चौक व बस स्टैंड तक नो पार्किंग में खड़े वाहनों पर कार्रवाई की गई। कुल 44 वाहनों के विरूद्ध कार्रवाई की गई है। यातायात पुलिस की यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। यातायात पुलिस ने आमजनों से ट्रेफिक नियमों का पालन करने, नो पार्किंग स्थलों पर वाहन खड़ा नहीं करने की अपील की।

## जोधापुर वार्ड के कांग्रेस पार्षद का निर्वाचन रद्द करने भाजपा प्रत्याशी ने लगाई याचिका



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

हाल ही में संपन्न हुए नगर निगम धमतरी के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी रामू रोहरा के निर्वाचन अभिकर्ता कविंद्र जैन की आपत्ति पर कांग्रेस महापौर का नाम निर्देशन पत्र छग नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 17 1(ग) के अनुसार निगम में ठेकेदार के रूप में प्रत्यक्ष हित रखने के कारण निरस्त हुआ था। रिटर्निंग अधिकारी के निर्णय को माननीय उच्च न्यायालय ने भी सही ठहराया था। इसी प्रकार की निर्हता जोधापुर वार्ड से कांग्रेस पार्षद सत्येंद्र विशु देवांगन के नाम निर्देशन पत्र पर भी लागू होती है। कांग्रेस के टिकट से चुनाव जीतकर आए जोधापुर वार्ड के पार्षद सत्येंद्र विशु देवांगन मे. नील ट्रेडर्स नाम के ठेकेदारी फर्म के प्रोपराइटर हैं तथा उनकी फर्म धमतरी नगर निगम के साथ अनुबंध के आधार पर एक से अधिक वार्डों में ठेके पर निर्माण कार्य कर रही है तथा प्रत्यक्ष हित रखती है। अपने नाम निर्देशन पत्र में पार्षद ने कहा था था कि मैं पार्षद के स्थान पर चुने जाने हेतु अर्हित हूं तथा निर्हित नहीं हूं। इस प्रकार उनके द्वारा नाम निर्देशन पत्र में स्पष्ट रूप से जानबूझकर निर्रहता छिपाई गई है। इसी आधार पर साक्ष्य प्रस्तुत करते हुए जोधापुर वार्ड के भाजपा प्रत्याशी दीपक गजेंद्र ने जिला न्यायालय धमतरी में छग नगर पालिक निगम 1956 की धारा 441 के तहत निर्वाचन याचिका प्रस्तुत की है। माननीय न्यायाधीश द्वारा याचिका ग्राह्य करते हुए संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किया गया है। भाजपा नेता कविंद्र जैन ने बताया कि याचिका में न्यायाधीश से प्रार्थना की गई है कि उपरोक्त निर्रहता के चलते कांग्रेस पार्षद का निर्वाचन रद्द करते हुए द्वितीय स्थान पर रहे याचिकाकर्ता भाजपा प्रत्याशी दीपक गजेन्द्र को निर्वाचित घोषित किया जाए।

## वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शुरू हुआ रूद्राभिषेक

- धन का सदुपयोग ही है शाश्वत और सच्चा धर्म : झम्मनशास्त्री
- यज्ञ, अनुष्ठान से होता है सुख, शांति समृद्धि का संचार : पं. राजेश शर्मा



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहर के राधा कृष्ण भवन महालक्ष्मी ग्रीन विवेकानंद नगर में हनुमान जयंती पर महारुद्राभिषेक एवं श्री हनुमंत आराधना महोत्सव का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हुआ। आचार्य झम्मन प्रसाद शास्त्री सहित वेदपाठी शास्त्रीय ब्राह्मण पूर्णानन्द चौबे, सूर्या पाठक, गीता दुबे, कान्हा पाठक, दिवाकर पांडे एवं विप्र विद्वत परिषद ने पूजा संपन्न कराई। आयोजनकर्ता समाजसेवी एवं धर्मप्रेमी पंडित राजेश शर्मा, उनकी धर्मपत्नी डॉ नीतू शर्मा, गोपाल शर्मा, जितेंद्र शर्मा, श्रीमती आरती शर्मा, रोहित शर्मा, रोहन शर्मा हैं। प्रातःकाल विधि विधान से पूजा प्रारंभ हुई। पूजा-अर्चना शाम को प्रवचन के साथ संपन्न हुई। इस अवसर पर पंडित झम्मन प्रसाद शास्त्री ने कहा कि भौतिकवादी युग में व्यक्ति अपने धन का दुरुपयोग कर रहा है जिससे समाज की क्षति होने के साथ व्यक्तिगत जीवन में सुख, शांति समृद्धि का ह्रास हो रहा है। इसके निराकरण के लिए साधु संत एक ही मार्ग बताते हैं कि समाज के हित, जनता की सेवा में धन का सदुपयोग करने से ही मानव जीवन धन्य होगा। पंडित राजेश शर्मा ने कहा है कि यज्ञ पूजन, अनुष्ठान से वायुमंडल में धार्मिक वातावरण का संचार होने से सुख, शांति व समृद्धि का वास होता है। मौके पर संतोष तिवारी, होमन शास्त्री, महेश शास्त्री, अशोक शास्त्री, अयोध्या पाण्डेय, सूरज तिवारी, अमलेश झा, बालेन्द्र पाण्डेय, खेमराज तिवारी, कमलेश उपाध्याय, रुपेश उपाध्याय, नरेश पाण्डेय, दीनानाथ पाण्डेय, दीपक लखोटिया, राजेंद्र शर्मा, भूषण शार्दुल, विजय अग्रवाल, सुशील शर्मा, प्रकाश शर्मा, पीवी पराडकर, संतोष पांडे, चंद्रकला पटेल, बरखा शर्मा, साक्षी शर्मा, सुभागी, सरिता यादव, गायत्री सोनी, प्रतिमा पांडे, ईश्वरी पटवा, चंद्रभागा साहू, रुक्मणि सोनकर, डॉली सोनी, रमेश शर्मा, हेमंत इंदौरिया, मुकेश शर्मा, दिलीपराज सोनी, योगेश गांधी, सुशील शर्मा, राधेश्याम अग्रवाल, महेंद्र खंडेलवाल, खूबलाल ध्रुव, आशीष, विकास, लक्की डागा समेत अन्य मौजूद थे।

## विद्यार्थियों के मोबाइल में लगातार आ रहे फर्जी कॉल को रोकने व कार्रवाई की मांग

- छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने बोर्ड के सचिव को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश संयोजक सुधीर प्रधान, प्रदेश उपाध्यक्ष देवनाथ साहू एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र पारीक ने बताया कि विगत वर्षों से छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल की कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षार्थियों के पालकों के पास लगातार फर्जी कॉल आ रहे हैं. जिसमें वे उनके पुत्र व पुत्री को परीक्षा के कुछ विषयों में अनुत्तीर्ण होना बताया जा रहा है और उन्हें पास करने के एवज में पैसे की मांग की जा रही है जिससे पालक व विद्यार्थी परेशान और भयभीत हैं। परीक्षा जैसे संवेदनशील मामले को छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने संज्ञान में लेते हुए बोर्ड के सचिव को इस आशय का ज्ञापन सौंपा कि आखिर परीक्षार्थियों का मोबाइल नंबर, नाम व रोल नंबर फर्जी कॉल करने वालों को कौन उपलब्ध कराता है जबकि यह जानकारी गोपनीय होती है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने मांग की है कि फर्जीकॉल करने वालों की पहचान कर उन पर कड़ी कार्रवाई की जाए। भविष्य में मण्डल द्वारा जारी किये जाने वाली किसी भी प्रकार की सूची जैसे नामिनल रोल, मेरिट सूची में विद्यार्थियों का मोबाइल नंबर अंकित न किया जाए। इस अवसर पर गेवाराम नेताम ब्लॉक अध्यक्ष धमतरी, दिनेश साहू कुरुद, रमेश यादव मगरलोड, महेन्द्र चौधरी पिथौरा, अनूप नायक, एनपी तिवारी, टुकेश्वर गहिवारे, टीकमचंद सिन्हा, गौरी शंकर पटेल, कंवल सिंह साहू, नरेश साहू, चंद्रहास साहू उपस्थित थे।




**8वें दिन सुपर किंग्स, श्रीराम हॉस्पिटल, एआर फारमर्स, वीसीसी ने जीते मैच**

# एमपीएल क्रिकेट मैच अब रोमांचक मोड़ पर



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहर के एकलव्य खेल परिर में विगत 2 अप्रैल से जारी एमपीएल क्रिकेट मैच रोमांचक मोड़ पर पहुंच गया है। क्रिकेट मैच का आयोजन धमतरी इलेवन एवं एनएस स्पोर्ट्स के तत्वावधान में किया जा रहा हे। वर्तमान में लीग मैच खेले जा रहे हैं। 16 टीमों को 8-8 के दो ग्रुप में विभाजित किया गया है।

8वें दिन का पहला मैच नमन सुपर किंग्स और सुपर किंग्स के बीच खेला गया। सुपर किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 69 रन बनाए। जवाब में सुपर किंग्स ने 8 विकेट में 72 रन बनाकर मैच जीत लिया।

दूसरा मैच श्रीराम हॉस्पिटल और एचएसआर मोटर्स के बीच खेला गया। श्रीराम हॉस्पिटल ने 10 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 132 रन बनाए। जवाब में एचएसआर मोटर्स ने 5 विकेट पर 120 रन ही बना पाए। श्रीराम हॉस्पिटल 12 रनों से विजेता बना। तीसरा मैच प्रमुख स्वामी और एआर फारमर्स के मध्य खेला गया। प्रमुख स्वामी ने 10 ओवर में 56 रन बनाए। एआर फारमर्स ने 6 विकेट पर 9 ओवर में 57 रन बनाकर मैच अपने नाम किया। चौथा मैच एसडी इलेवन और वीसीसी के बीच खेला गया। एसडी इलेवन ने 10 ओवर में 6 विकेट खोकर 111 रन बनाए। वीसीसी ने 8-5 ओवर और 6 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। इस अवसर पर समिति के रघुवीर बघेल, नकुल शर्मा, सुमीत बघेल, पुष्पेन्द्र हिरवानी, विककी ध्रुवंशी, वेदप्रकाश देवांगन, रिंकू रजक, आशुतोष खरे, जैस सार्वा, मनोहर बंजारे, बिट्टू सिन्हा, कृष्णा बेहरा, जीतू साहू, मिलन साहू, प्रशांत मेश्राम, संजय, श्री नेताम, हुसैन, इस्हाक, अजय कुमार मौजूद थे।




